देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

JAWAB DO SARKAR
www.jawabdosarkar.com
(A Digital Media Initiative to promote Accountability)

वॉल्यूम न.– 2022/palm/02 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शुक्रवार, 11 फरवरी 2022

# पुरानी शराब के नाम से हो रही शराब उपभोक्ताओं से ठगी!!!

## आबकारी विभाग मॉनिटरिंग करने मे फ़ेल!!!

विशेष रिपोर्ट-2




# कौन कौन है इस खेल मे शामिल?

पता:-S1,झारखंड अपार्टमेंट,सगत सिंह मोड,जनरल सगत सिंह मार्ग,खातीपुरा-302012 मोबाइल:-9828346151



*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## शराब कंपनियाँ अपनी शराब को कई साल पुरानी बताकर बेच रही महंगे दामो पर|

कुछ पुरानी और नामचीन शराब कंपनियां शराब के शौकीनों को पुरानी शराब के नाम पर ठगने का काम कर रही हैं। आरोप हैं कि पांच से 50 वर्ष तक पुरानी बात कर शराब के मनमाने दाम उपभोक्ताओं से वसूले जा रहे हैं। बिना प्रामाणिकता साबित हुए आबकारी विभाग भी इन शराब कंपनियों के न केवल ब्रांड अप्रूव कर रहा है वरन इनके द्वारा दी गई दरों को भी आंख मीचकर कर अप्रूव किया जा रहा है। इससे उपभोक्ता और सरकार दोनों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

प्रदेश के शराब के ब्रांड और उपलब्धता की बात करें तो आबकारी विभाग ने चालू वित्त वर्ष के लिए प्रदेश में शराब और बीयर के 1066 ब्रांड और उनकी दर अप्रूव कर रखी है। कुछ ब्रांड प्रदेश की ही डिस्टलरीज या बॉटलिंग प्लांट में तैयार हो रहे हैं तो कुछ विदेश से आयातित हैं और कुछ का उत्पादन दूसरे राज्यों में भी होता है। सामान्य, मध्यम और संभ्रान्त वर्ग को ध्यान में रखकर विभिन्न ब्रांड की शराब प्रदेश में उपलब्ध है। लेकिन क्या आपको पता है कि कुछ शराब निर्माताओं ने अपने ब्रांड न केवल सामान्य ब्रांड के तौर पर विक्रय के लिए रखे हैं वरन इन्हीं ब्रांड्स की शराब को पांच, दस, पंद्रह, बीस और तीस व पचास वर्ष पुराना बताकर भी बेचा जा रहा है। ये अलग बात है कि इनके पुराने होने की प्रामाणिकता न तो कंपनी द्वारा बताई गई है और न ही आबकारी विभाग ने कभी इनके पुराना होने की प्रामाणिकता को जांचने की जहमत उठाई। जबकि पुरानी शराब के नाम पर कई ब्रांड्स अपने ही सामान्य ब्रांड के मुकाबले सौ फीसदी तक ज्यादा कीमत उपभोक्ता से वसूल रहे हैं|आबकारी विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, हंड्रेड पाईपर, टीचर्स, बेलेन्टाइन, ग्लैनविच, ग्लैनलीवैट, रॉयल सैल्यूट, जॉनी वाकर, जैक डैनियल्स, द ग्लैन ग्रांट, एबरफैल्डी हिंगलैंड, अल्टमोर, बकार्डी, शिवास रीगल, डेवर्स जैसे कई ब्रांड की सामान्य शराब कम दामों में उपलब्ध वहीं, इनकी पुरानी शराब के नाम से दोगुने तक दाम वसूले जा रहे हैं।

# Fraud on name of Old Wine in Raj!

## Some companies are duping liquor lovers in the name of old wine and charging higher prices

**Nirmal Tiwari**

**Jaipur:** Some old and well-known liquor companies are accused of duping liquor lovers in the name of old liquor. There is an allegation of charging arbitrary prices for 5 to 50 years old liquor from the consumers, without proving its authenticity. The Excise Department is also accused of not only approving the brands of these liquor companies but also blindly approving the rates given by them. The Excise Department has approved 1,066 brands of liquor and beer in the state and their rates for the current financial year. Some brands are being manufactured in the state's own distilleries or bottling plants, while some are imported from abroad and some are produced in other states also. Retired Dy Commissioner of Excise Department Niranjan Sharma said department never investigates the claims.



**NAMES OF MANY BRANDS ARE BEING MISUSED, SAYS RTI ACTIVIST GYANESH**

RTI activist Gyanesh Kumar alleges that the names of many brands of generic liquor gin like Hundred Piper, Teachers, Bellantine, Glenwich, Glenlivet, Royal Salute, Johnny Walker, Jack Daniels, The Glen Grant, Aberfaldi Hingland, Altmore, Bacardi, Chivas Regal, Devers and more are being misused.

**First India News मे दिनांक 11/02/2022 को प्रकाशित खबर से साभार**

उदाहरण के तौर पर बेकार्डी समूह की डेवर्स ब्रांड(750 ML) के सामान्य लेबल की रेट 1780 रुपए है,जबकि 12 साल के लेबल की रेट 2650 है,इसके साथ ही 15 साल के लेबल की रेट 3800 रुपए है,18 साल के लेबल की रेट 8180 रुपए है जबकि 25 साल पुराने लेबल की रेट 21940 रुपए है जिसका सीधा मतलब है कि 25 साल पुराने लेबल को कंपनी द्वारा अपने सामान्य लेबल के मुक़ाबले 12 गुना अधिक दरो पर बेचा जा रहा है|




## क्या वाकई शराब कंपनियों द्वारा कई साल पुरानी शराब बेची जा रही है?

शराब के शैकीनों में एक प्रचलित किवदंती है कि शराब जितनी पुरानी होगी उतनी ही नशीली और गुणवत्तापूर्ण होगी। इसी किवदंती का फायदा उठाकर शराब निर्माता कंपनियों ने उपभोक्तओं की जेब तराशी का काम चला रखा है। आबकारी विभाग के रिटायर्ड उपायुक्त निरंजन शर्मा शराब के पुराना होने के दावे को सिरे से खारिज करते हैं। शर्मा का कहना है कि आबकारी विभाग शराब निर्माता कंपनियों के शराब के पुराने होने के दावों की कभी जांच नहीं करता। शराब की बोतल पर उत्पादन वर्ष 2021 लिखा है और उसे ही 20, 30 या 50 वर्ष पुराना बताकर मनमाने दाम पर बेचा जाना जांच योग्य है। शर्मा ने बताया कि कुछ विदेशी कंपनी पहले दावा करती थी कि वे शराब के आसव को समुद्र या नदी में एक काष्ट के डिब्बे में डाल देती थी ताकि उसे कई वर्षों बाद इस्तेमाल किया जाए। लेकिन ये बात कभी भी प्रामाणिक नहीं रही। ऐसे में शराब कंपनियों द्वारा अपने ब्रांड पर उसको वर्षों पुराना बताकर बेचना गलत है। आबकारी विभाग की कार्यशैली भी इसमें संदिग्ध रही है। यदि विभाग प्रामाणिकता और गुणवत्ता की जांच नहीं कर सकता तो उसे ऐसे ब्रांड और उनकी दरें अप्रूव करने का अधिकार नहीं।




पूर्व आबकारी उपायुक्त श्री निरंजन शर्मा

## क्या विभाग के मंत्री महोदय करवाएँगे इस गंभीर मामले की जांच?

पुरानी शराब के नाम पर उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूलने की पंरपरा प्रदेश में वर्षों से चल रही है। आज तक आबकारी विभाग ने शराब के पुराना होने की प्रामाणिकता की कभी जांच नहीं की। ऐसे में कहा जा सकता है कि पुरानी शराब बताकर अपने ब्रांड की मोटी कीमत वसूलने के आरोपों से साफ है कि आबकारी विभाग और कुछ शराब कंपनियां सरकार और उपभोक्ता दोनों को अंधेरे में रख रही हैं। अब देखना होगा कि मंत्री परसादीलाल मीणा इस गोरखधंधे पर कब और कितनी ठोस कार्रवाई करते हैं।

**राजस्थान मे प्रचलित वह ब्रांड जो अपने आपको कई साल पुराने होने का दावा कर ग्राहकों से करोड़ो रुपए की ठगी कर रहे है|**

| S.No | Title | Packing | MRP/Btl.(Incl.Taxes) 2021-22 |
|---|---|---|---|
| 1. | 100 Pipers Blended Scotch Whisky Aged 12 Years. | 750 ml | 2770 |
| 2. | 100 Pipers Deluxe Blended Scotch Whisky. | 750 ml | 2060 |
| 3. | Aberfeldy Highland Single Malt Scotch Whisky 12 Years | 750 ML (6 Bott.) | 3960 |
| 4. | Aberfeldy Highland Single Malt Scotch Whisky 21 Years | 750 ML (4 Bott.) | 13155 |
| 5. | Aberlour 16 Year Old Highland Single Malt Scotch Whisky | 700ml(3 bottle) | 9170 |
| 6. | Aberlour 18 Year Old Highland Single Malt Scotch Whisky | 700 ML (6 Bottle) | 16120 |
| 7. | Aultmore Single Malt Scotch Whisky 12 Years | 700 ML (6 Bottle) | 6300 |
| 8. | Aultmore Single Malt Scotch Whisky 18 Years | 700 ML (6 Bottle) | 13000 |
| 9. | Ballantine S Aged 12 Years Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2960 |
| 10. | Ballantine S Aged 17 Years Blended Scotch Whisky | 750 ml | 8660 |
| 11. | Ballantine'S Aged 7 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 2605 |
| 12. | Ballantines Finest Blended Scotch Whisky. | 750 ml | 1645 |
| 13. | Black Dog Centenary Black Reserve Aged And Rare Blended Scotch Whisky | 750 ml | 1995 |
| 14. | Black Dog Triple Gold Reserve Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2805 |
| 15. | Bowmore 12 Years Old Islay Single Malt Scotch Whisky | 700 ML (6 Bottle) | 4500 |
| 16. | Bowmore Islay Single Malt Scotch Whisky Aged 15 Years | 700 ML (6 Bottle) | 8235 |
| 17. | Chivas Regal Aged 12 Year Blended Scotch Whisky. | 750 ml | 3110 |
| 18. | Chivas Regal Aged 15 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 5255 |
| 19. | Chivas Regal Aged 18 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 8565 |
| 20. | Chivas Regal Extra Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | NA |
| 21. | Coal Ila Islay Single Malt Scotch Whisky 12 Year Old | 750 ML (6 Bott.) | 6485 |
| 22. | Craigellachie Single Malt Scotch Whisky 13 Years | 700 ML (6 Bottle) | 6270 |
| 23. | Craigellachie Single Malt Scotch Whisky 17 Years | 700 ML (6 Bottle) | 12805 |
| 24. | Dalmore 12 Year Old Highland Single Malt Scotch Whisky | 700 ML (6 Bottle) | 9790 |
| 25. | Dalwhinnie Highland Single Malt Scotch Whisky 15 Year Old | 750 ML (6 Bott.) | 6060 |
| 26. | Dewars White Label Blended Scotch Whisky | 750 ml | 1780 |
| 27. | Dewars Aged 12 Years Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2650 |
| 28. | Dewars Aged 12 Years The Ancestor Blended Scotch Whisky | 750 ml | 3320 |
| 29. | Dewars Aged 15 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 3800 |
| 30. | Dewars Aged 15 Years The Monarch Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 4630 |
| 31. | Dewars Aged 18 Yearsh The Vintage Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | NA |
| 32. | Dewars Aged 18 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 8180 |
| 33. | Dewars Aged 18 Years The Vintage Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 8425 |
| 34. | Dewars Aged 25 Years The Signature Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 21940 |
| 35. | Dewars White Label Blended Scotch Whisky True Scotch | 750 ml | 1780 |
| 36. | Glenfiddich Single Malt Scotch Whisky Aged 12 Years | 700 ML (12 Bottle) | 4520 |
| 37. | Glenfiddich Single Malt Scotch Whisky Aged 15 Years | 700 ML (12 Bottle) | 7370 |
| 38. | Glenfiddich Single Malt Scotch Whisky Aged 18 Years | 700 ML (12 Bottle) | NA |
| 39. | Glenkinchie Single Malt Scotch Whisky 12 Year Old | 750 ML (6 Bott.) | 5985 |
| 40. | Glenmorangie Highland Single Malt Scotch Whisky The Original | 750 ML (6 Bott.) | 6205 |
| 41. | Isle Of Jura 10 Years Old Single Malt Scotch Whisky | 700 ML (6 Bottle) | 5770 |
| 42. | Johnie Walker Xr 21 Year Old Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 25050 |
| 43. | Johnnie Walker Aged 18 Years Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 8560 |
| 44. | Johnnie Walker Black Label Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2925 |
| 45. | Johnnie Walker Black Label Lowlands Origin Blended Scotch Whisky Aged 12 Year | 750 ml | 3730 |
| 46. | Johnnie Walker Black Label Speyside Origin Blended Scotch Whisky Aged 12 Year | 750 ml | 3730 |
| 47. | Johnnie Walker Blue Label A Blend Of Our Very Rarest Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 17340 |
| 48. | Johnnie Walker Double Black Blended Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 4170 |
| 49. | Johnnie Walker Red Label Blended Scotch Whisky | 750 ml | 1570 |
| 50. | Laphroaig Islay Single Malt Scotch Whisky 10 Years Old | 750 ml | 4920 |
| 51. | Laphroaig Islay Single Malt Scotch Whisky Select | 750 ML (6 Bott.) | 5540 |
| 52. | Teachers 50 Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2485 |
| 53. | Teachers Golden Thistle Blended Scotch Whisky | 750 ml | 3740 |
| 54. | Teachers Highland Cream Blended Scotch Whisky | 750 ml | 1945 |
| 55. | Teachers Origin Blended Scotch Whisky | 750 ml | 2865 |
| 56. | The Glen Grant Single Malt Scotch Whisky Aged 10 Years | 750 ML (6 Bott.) | 4180 |
| 57. | The Glen Grant Single Malt Scotch Whisky Aged 18 Years | 750 ML (6 Bott.) | 10285 |
| 58. | The Glen Grant Single Malt Scotch Whiskyaged 12 Years | 750 ML (6 Bott.) | 4800 |
| 59. | The Glenlivet Single Malt Scotch Whisky 12 Years Of Age | 750 ml | 4360 |
| 60. | The Glenlivet Single Malt Scotch Whisky 15 Years Of Age | 700 ML (6 Bottle) | 7555 |
| 61. | The Glenlivet Single Malt Scotch Whisky 18 Years Of Age | 700 ML (6 Bottle) | 11525 |
| 62. | The Singleton Glendullan 12 Yr Old Single Malt Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 4955 |
| 63. | The Singleton Glendullan 15 Year Old Single Malt Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 5875 |
| 64. | The Singleton Glendullan 18 Year Old Single Malt Scotch Whisky | 750 ML (6 Bott.) | 9610 |

## जवाब मांगते सवाल?

1. शराब कंपनियाँ अपने ब्रांडो/लेबलो के 7,12,15,18,21,25,50 साल पुराने होने का जो दावा करती है उनकी प्रमाणिता क्या है?

2. आबकारी विभाग द्वारा कंपनियों के विभिन्न ब्रांडो/लेबलों की कीमते तय करने के क्या-क्या मानक/शर्ते है?

3. आबकारी विभाग द्वारा कंपनियों के विभिन्न ब्रांडो/लेबलों की कीमते किन-किन आधिकारिक स्तरों पर तय की जाती है?

4. आबकारी विभाग के पास क्या मेकेनिज़्म है जिसके आधार पर वह शराब के तथाकथित पुराने होने के दावो की जांच करता है?

5. यदि आबकारी विभाग के पास ऐसा कोई मेकेनिज़्म नहीं है जिसके आधार पर वह शराब के तथाकथित पुराने होने के दावो की जांच कर सके तो वह इन कंपनियों के उक्त ब्रांडो/लेबलो को क्यू अप्रूव करता है?

6. क्या यह शराब उपभोक्ताओं के साथ ठगी नहीं है?

7. ऐसी कौन कौन सी कंपनियाँ है जो पुराने होने का दावा कर ग्राहकों से ठगी कर रही है?

8. क्या आबकारी विभाग द्वारा कभी इस मामले की जांच की गयी?या फिर यह खेल अधिकारियों की मिलीभगत से बदस्तूर चल रहा है?